(d) proposals by the Centre and States in current financial year?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA). (a) and (d). Sporadic occurrences of alluvial gold were reported in some of the sands of Kolab, Rangpam and Daria rivers in Koraput District of Orissa. As these are not of economic significance the question of taking up a special programme for their exploitation does not arise. The State Government of Orissa have not taken up the matter with the Government of India.

(c) The gold content in these occurrences varies from 0 125 to 0 25 grammes per cublic metre

(d) There are no proposals to exploit these minor gold deposits during the current financial year

**मानसा से मेहसाना और अहमदाबाद के लिए एस० टी० डी० की व्यवस्था करना**

4088. **श्री मोतीभाई आर० चौधरी :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मानसा और अहमदाबाद के बीच सीधी डायल सुविधा कब तक देने का प्रस्ताव है ,

(ख) यह सुविधा अब तक न देने के क्या कारण है , जबकि यह सुविधा मानसा से छोटे कस्बो के लिए उपलब्ध है ,

(ग) मानसा और गान्धीनगर के बीच कितनी दूरी है और इतनी कम दूरी के बावजूद गाधीनगर और मानसा के बीच सीधी लाइन की व्यवस्था न करने के क्या कारण हैं ,

(घ) मेहसाना जिला मुख्यालय होने के बावजूद मानसा और मेहसाना के बीच सीधी डायल प्रणाली की व्यवस्था न करने के क्या कारण है ; और

(ङ) मानसा से अहमदाबाद, गाधीनगर और मेहसाना के लिए सीधी डायल सुविधा कब तक उपलब्ध की जायगी ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव साय)** . (क) से (ङ). मानसा और अहमदाबाद, गाधीनगर, मेहसाना के बीच एस० टी० डी० सेवा देने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नही है क्योकि मानसा का एक्सचेज एकमैनुअल एक्सचेज है और उन मार्गों पर इतना ट्रैफिक नही है कि उनके बीच एम० टी० डी० सेवा देने का औचित्य बन सके । मानसा और गाधीनगर के बीच 15 किलोमीटर की करीब दूरी है ।

**लद्दाख से हज जाने वाले यात्री**

4089. **श्रीमती पार्वती देवी :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) गत तीन वर्षों के दौरान लद्दाख से हज यात्रा के लिए प्रति वर्ष कितने व्यक्ति गये ,

(ख) क्या यह सच है कि लद्दाख से हज यात्रा के लिए जाने के इच्छुक सभी मुस्लिमो को अनुमति दे दी जाती है ,

(ग) हज यात्रियो को अनुमति देने के नियम अथवा प्रक्रिया क्या है और प्रत्येक रा य के लिए निर्धारित कोटे, खर्च करने की राशि और उपलब्ध की जाने वाली यात्रा सुविधाओ का ब्यौरा क्या है , और

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है कि लद्दाखवासी अधिक सख्या मे हज यात्रा पर जा सके ?

**विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री समरेंद्र कुण्डू)** : (क) और (ख). हज सम्बन्धी आकडे राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के आधार

पर रखे जाते हैं और इसलिए लद्दाख के आवेदकों अथवा वहां से वस्तुतः हज के लिए जाने वाले लोगों की संख्या सहज उपलब्ध नहीं है। सूचना एकत्र की जा रही है।

(ग) हज यात्रियों को हज के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नही होती। कोई भी भारतीय मुसलमान हज यात्रा के लिए बम्बई स्थित हज समितिको आवेदन दे सकता है और उसके आवेदन-पत्र पर हज पर जाने वाले लोगों के लिए हज समिति द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार समस्त आवेदकों में से उस कुल संख्या को ध्यान में रख कर विचार किया जाता है जिसके लिए सरकार ने विदेशी मुद्रा देना स्वीकार किया हो। 1978 के लिए सरकार ने कुल मिलाकर 20,000 हज यात्रियों के लिए विदेशी मुद्रा देने का निर्णय लिया है—15,500 समुद्र-मार्ग से और 4,500 हवाई-मार्ग से। हज समिति ने राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों अथवा वहां के वर्गों को पूरी तरह से वहां की मुसलमान जनसंख्या के आधार पर कोटा आवंटित करने का और यदि कोई राज्य, संघ राज्य क्षेत्र अपने कोटे का पूरा उपयोग न कर सके तो उसके शेष भाग को उन राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों में बांटने का निर्णय लिया है जिन्हे उनके मूल कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हों।

सरकार ने समुद्र मार्ग से जाने वाले प्रत्येक हज यात्रा को अधिक से अधिक 2,500/– सऊदी रियाल और हवाई जहाज से जाने वाले प्रत्येक हजयात्री को 2,250/– रियाल देने का निर्णय किया है सऊदी अरब के हज प्राधिकरण को देय अनिवार्य प्रभार को ध्यान मे रखते हुए हज समिति ने प्रत्येक हज यात्री के लिए विदेशी मुद्रा की न्यूनतम राशि निश्चित करने का निर्णय किया है जिसे हज-यात्रियों को अपने साथ ले जाना आवश्यक होगा।

हज समिति का विचार है कि मुगल लाइन की सहायता से समुद्र-यात्रा की व्यवस्था की जाए और एयर इंडिया अथवा आई० ए० सी० के माध्यम से विमान किराए पर लेने की व्यवस्था की जाए।

( ) सरकार यह आशा करती है कि 1978 के हज के लिए जम्मू और काश्मीर राज्य से प्राप्त सभी आवेदन-पत्रों को स्वीकार किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त जम्मू और कश्मीर के हज यात्रियों का चुनाव राज्य सरकार/हज समिति द्वारा किया जाता है और लद्दाख के आवेदकों को इस मामले में राज्य सरकारों/राज्य हज समितियों से सम्पर्क करने की सलाह दी जाएगी।

**Increase in production of steel ingots and alumina for export**

4091. SHRI S. R. DAMANI: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether Government have decided to increase substantially the production of steel ingots and alumina for export;

(b) if so, the details thereof;

(c) the details of export orders received or are under negotiation for these items; and

(d) whether Government has considered utilizing mini steel units capacity for the purpose?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA): (a) to (d). Constant efforts are being made to increase production of ingot steel in the integrated steel plants through better plant utilisation and technological improvements. As regards the ingots produced by mini-steel plants, as a result of the various measures taken by Government, their production is also going up The export of ingots is permitted in terms of the policy. Regarding alumina, the possibility of setting up export-oriented plants is being explored.